No. of Printed Pages : 15 **BECC–108**

# B. A. (HONS.) ECONOMICS

# (BAECH)

## Term-End Examination

## June, 2025

## BECC-108 : INTERMEDIATE MICRO ECONOMICS–II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

---

***Note :*** *(i)* ***Section A :*** *Answer any* ***two*** *questions. Each question carries 20 marks.*

*(ii)* ***Section B :*** *Answer any* ***four*** *questions. Each question carries 12 marks.*

*(iii)* ***Section C :*** *Answer* ***both*** *questions. Each questions carries 6 marks.*

---



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

## Section—A

1. (a) A monopolist is facing two different demand functions :

$$q_1 = 4800 - 600\,P_1$$

and $$q_2 = 4200 - 700\,P_2$$

Marginal cost of production is ₹ 2. If the monopolist adopts two-part tariff scheme, what is the profit maximising price ? Draw. 10

(b) Under natural monopoly, show that there is welfare loss if marginal cost pricing is adopted. How can this welfare loss be eliminated ? Explain diagrammatically.

10

2. (a) For the following demand curve P = 20 – 2Q and constant marginal cost curve with a value = ₹ 5, find the



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

equilibrium price, quantity and profit according to : 12

(i) Stackelberg Model

(ii) Bertrand Model

(b) Explain equilibrium under Cournot Model using reaction curves. Let the market demand curve be given by $P = a - bQ$, where $Q = Q_1 + Q_2$ with $Q_1$ and $Q_2$ being the quantities produced by two Cournot firms. Assume marginal cost as zero. 8

3. (a) Why is the demand curve under monopolistic competition downward sloping ? Explain and compare the long-run equilibrium under monopolistic competition with the long-run equilibrium under perfect competition.

12



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(b) Derive the relationship between price and price elasticity of demand in two submarkets under third degree price discrimination. 8

4. (a) Show diagrammatically, how presence of externalities leads to under- and over- provisioning of private goods. 12

(b) State the conditions for optimal provision of public goods. Show that if the optimal provision is not satisfied, then at least one individual can be made better off without making any *one* else worse off. 8

## Section—B

5. Consider the following normal form game in which players 1 and 2, choose two strategies each : 12

Player 2

| | | C | D |
|---|---|---|---|
| Player 1 | A | 8, 7 | 6, 6 |
| | B | 5, 5 | 7, 8 |



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(a) Find the Nash equilibrium of the game.

(b) Write the extensive form of the game with player 1 moving first.

(c) Find the subgame perfect Nash equilibrium.

6. How does a market for used cars turn into a situation of adverse selection ? Explain. 12

7. Prove that allocation under welfare maximisation is also a Pareto efficient allocation. 12

8. Explain any *two* ways of correcting market failure arising due to externalities. 12

9. Find the deadweight loss, if the market which was competitive earlier, is now monopolised. The demand curve for the good is P = 20 – 3Q and marginal cost MC = 2Q. 12



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

10. (a) Explain the Free Rider problem with the help of an example. 6

(b) Explain the Tiebout hypothesis. 6

11. If any player has a dominant strategy, will he play a mixed strategy ever ? Explain. 12

## Section—C

12. Write short notes on any *two* of the following : $2\times3=6$

(a) Bergson-Samuelson's social welfare function

(b) Concavity of the production possibility curve

(c) Edgeworth box for production

(d) Moral hazard

13. Differentiate between any *two* of the following : $2\times3=6$

(a) Nash equilibrium in the normal form game and subgame perfect equilibrium in the extensive form game



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(b) First degree price discrimination and Second degree price discrimination

(c) Isowelfare curves of a utilitratian social welfare function and Rawlsian social welfare function

(d) Short-run equilibrium and Long-run equilibrium under perfect competition



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

# BECC–108

## बी. ए. ( ऑनर्स ) अर्थशास्त्र

## (बी. ए. ई. सी. एच.)

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2025

## बी.ई.सी.सी.–108 : मध्यवर्ती व्यष्टि अर्थशास्त्र–II

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** ***भाग 'क' :*** *किन्हीं* ***दो*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।*

***भाग 'ख' :*** *किन्हीं* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।*

***भाग 'ग' :*** ***दोनों*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।*

---



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

## भाग—क

1. (क) एक एकाधिकारी के समक्ष दो पृथक्–पृथक् माँग वक्र हैं :

$$q_1 = 4800 - 600\,P_1$$

तथा $$q_2 = 4200 - 700\,P_2$$

उत्पादन की सीमांत लागत ₹ 2 है। यदि एकाधिकारी द्वि–अंगीय प्रभार अपनाए, तो अधिकतम लाभ देने वाली कीमत क्या होगी ? ड्रा कीजिए। 10

(ख) एक प्राकृतिक एकाधिकार में दर्शाइए कि यदि सीमांत लागत कीमत निर्धारण किया जाता है, तो क्षेम की हानि होगी। क्या औसत लागत कीमत निर्धारण से यह हानि समाप्त हो जायेगी ? उपयुक्त रेखाचित्र का प्रयोग कीजिए। 10



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

2. (क) एक माँग वक्र $P = 20 - 2Q$ है तथा स्थिर सीमांत वक्र का मान ₹ 5 है। निम्नलिखित दो मान्यताओं के अंतर्गत संतुलन कीमत, मात्रा और लाभ आकलित कीजिए : 12

(i) स्टेकलबर्ग प्रतिमान

(ii) बर्ट्रेण्ड प्रतिमान

(ख) प्रतिक्रिया वक्रों का प्रयोग कर कूर्नो प्रतिमान में संतुलन की व्याख्या कीजिए। बाजार माँग वक्र $P = a - bQ$, है और $Q = Q_1 + Q_2$, जहाँ $Q_1$ एवं $Q_2$ दो कूर्नो फर्मों के उत्पादन हैं। मान लीजिए कि सीमांत उत्पादन लागत शून्य है। 8

3. (क) एकाधिकारी प्रतियोगिता में माँग वक्र दाहिनी और ढलवाँ क्यों होता है ? व्याख्या कीजिए तथा दीर्घकाल में एकाधिकारी प्रतियोगिता एवं पूर्ण प्रतियोगिता की तुलना कीजिए। 12



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(ख) तृतीय कोटि के कीमत विभेदन में दो उप-बाजारों में कीमत तथा माँग की कीमत लोच के बीच संबंध की व्युत्पत्ति कीजिए। 8

4. (क) रेखाचित्र द्वारा दर्शाइए कि किस प्रकार बाह्यताओं की उपस्थिति में निजी पदार्थों का प्रावधान अल्प/अधिक हो जाता है। 12

(ख) सार्वजनिक पदार्थों के इष्टतम प्रावधान के लिए आवश्यक शर्तें बताइए। यह भी दर्शाइए कि यदि प्रावधान इष्टतम नहीं हो, तो कम-से-कम एक व्यक्ति की दशा को, बिना किसी अन्य को ठेस पहुँचाए, सुधारा जा सकता है। 8



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

## भाग—ख

5. निम्नलिखित सामान्य द्यूत पर विचार कीजिए, जहाँ द्यूतक 1 एवं 2 को दो–दो युक्तियाँ उपलब्ध हैं : 12

द्यूतक 2

| | | C | D |
|---|---|---|---|
| द्यूतक 1 | A | 8, 7 | 6, 6 |
| | B | 5, 5 | 7, 8 |

(क) इस द्यूत का नैश संतुलन ज्ञात कीजिए।

(ख) यदि द्यूतक 1 पहली चाल चले, तो द्यूत का विस्तृत रूप क्या होगा ?

(ग) उप–द्यूत संपूर्ण नैश संतुलन ज्ञात कीजिए।

6. पुरानी कारों का बाजार किस प्रकार विपरीत चयन की स्थिति में परिवर्तित हो जाता है ? समझाइए। 12



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

7. सिद्ध कीजिए कि क्षेम अधिकतम करने की दशा में भी संसाधन प्रावधान पैरेटो इष्टतम प्रावधान हो जाता है। 12

8. बाह्यताओं के कारण बाजार में आई विफलता के निवारण की कोई **दो** विधियाँ समझाइए। 12

9. यदि किसी पूर्ण प्रतियोगी बाजार में एकाधिकार की स्थापना हो जाए, तो वहाँ नितान्त हानि का आकलन कीजिए। माँग वक्र $P = 20 - 3Q$ तथा सीमांत लागत $MC = 2Q$ है। 12

10. (क) एक उदाहरण द्वारा मुफ्तखोरी की समस्या की व्याख्या कीजिए। 6

(ख) टाईबूट अवधारणा को समझाइए। 6

11. यदि किसी द्यूतक के पास एक प्रबल युक्ति मौजूद है, तो क्या वह कभी मिश्रित युक्ति का प्रयोग करेगा ? व्याख्या कीजिए। 12



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

## भाग—ग

12. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : 2×3=6

(क) बर्गसन–सैम्युअल्सन का सामाजिक क्षेम फलन

(ख) उत्पादन संभावना वक्र की अवतलता

(ग) उत्पादन हेतु एजवर्थ बॉक्स

(घ) नैतिक द्वन्द्व

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** युग्मों में भेद स्पष्ट कीजिए : 2×3=6

(क) सामान्य एवं उप-द्यूत सम्पूर्ण दशाओं में नैश सन्तुलन



Downloaded from www.IGNOUBABA.com

(ख) प्रथम कोटि कीमत विभेदन और द्वितीय कोटि कीमत विभेदन

(ग) एक उपयोगितावादी सामाजिक क्षेम फलन तथा राउलीय सामाजिक क्षेम फलन के सम–क्षेम वक्र

(घ) पूर्ण प्रतियोगिता में अल्पकालिक सन्तुलन एवं दीर्घकालिक संतुलन

× × × × ×



Downloaded from www.IGNOUBABA.com